Title: Need to set up more LPTs in Mandsaur and Neemuch districts of Madhya Pradesh-Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में दूरदर्शन व आकाशवाणी के प्रसारण को लोक व्यापी बनाने की दृटि से प्रायः प्रत्येक जिले में चाहे वहां अल्पशक्ति या अत्याल्प शक्ति के प्रसारण या रिले केन्द्रों को प्रारम्भ किया गया है तथा इन्हें शो ऐसे स्थानों में भी खोला जाना है जहां वर्तमान केन्द्रों से लाभ नहीं मिल रहा है।

मध्य प्रदेश के मंदसौर व नीमच जिलों में यद्यपि एक दो स्थानों पर दूरदर्शन के अल्पशक्ति या अत्याल्पशक्ति प्रसारण केन्द्र हैं, किंतु उनके सुदूरवर्ती स्थानों को लाभ नहीं मिल रहा है, वे वंचित हैं।

अतः इन वंचित सुदूरवर्ती क्षेत्रों को भी लाभ मिले, इस दृटि से नये केन्द्रों की स्थापना की मांग बार बार की जा रही है, इनमें मंदसौर जिले के सुवासरा तथा गांधी सागर तथा नीमच जिले जावद व सिंगोली हैं। इन स्थानों पर उक्त केन्द्रों की स्थापना की उपादेयता भी है और आवश्यकता भी जिसे नये केन्द्रों की स्थापना कर पूरा किया जा सकता है।

अतः मेरा माननीया सूचना प्रसारण मंत्री से अनुरोध है कि उक्त सुवासरा, गांधी सागर, जावद व सिंगोली क्षेत्रों को भी प्रसारण सुविधा का लाभ मिले व वे भी देश ि वदेश की गतिविधियों व अन्यान्य कार्यक्रमों का लाभ ले सकें। एतदर्थ इन उक्त स्थानों पर दूरदर्शन प्रसारण केन्द्रों की स्थापना हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करें।